RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 मां के जरिए तीन साल बाद...

वर्ष : 27 | अंक : 163 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 03 जून, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# अग्निवीरों को योगी सरकार की बड़ी सौगात

## पुलिस व पीएसी में मिलेगा 20 प्रतिशत आरक्षण

### गाजियाबाद में अजय गर्ग विश्वविद्यालय के निर्माण को मंजूरी



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को योगी कैबिनेट की बैठक हुई। सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के बाद मुहर लगाई गई है। योगी सरकार ने अग्निवीरों को बड़ी सौगात दी है। साथ ही गाजियाबाद जिले में एक निजी विश्वविद्यालय के निर्माण को भी योगी सरकार ने अनुमति दी है।

उत्तर प्रदेश के योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगी। इसके तहत जो राशन की दुकानें गली या संकरी सड़कों पर हैं। उनके लिए ऐसी जगह भवन बनेगा, जहां आसानी से ट्रक जा सके। नए भवन में गोदाम और वितरण स्थल दोनों होगा। इसके लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन्हें मनरेगा से बनाया जाएगा। एक जिले में हर साल 75 नए भवन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्र के साथ शहरों में भी बनाया जाएगा।

इसके अलावा कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश होम स्टे नीति को मंजूरी मिली। इसके तहत धार्मिक स्थलों में होम स्टे का प्रोविजन तैयार किया जाएगा। एक कमरे से लेकर छह कमरे तक (अधिकतम 12 बेड) की व्यवस्था हो सकेगी। श्रद्धालुओं को एक साथ सात दिन तक रुकने की व्यवस्था मिलेगी। इसके लिए डीएम और गृह विभाग के अफसर सहित अन्य विभागों के सदस्य अनुमति देंगे।

अग्निवीरों के लिए यूपी पुलिस, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार और फायरमैन की भर्ती में 20 प्रतिशत पदों का आरक्षण देने का है। इससे पूर्व अग्निवीरों को सरकारी सेवाओं में शामिल होने का बेहतर अवसर मिलेगा। इसके अलावा सरकार ने यह भी तय किया है कि अग्निवीरों को अधिकतम आयु सीमा में 3 साल की छूट दी जाएगी, ताकि वे अपनी सेवाओं के बाद भी सरकारी नौकरी के लिए आवेदन कर सकें। यह कदम रिटायर होने वाले अग्निवीरों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा।

गाजियाबाद में अजय गर्ग विश्वविद्यालय को निजी क्षेत्र में स्थापित करने के लिए सरकार ने अनुमति दे दी है, जिससे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा होंगे। सरकार ने अयोध्या में महार्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के निर्माण को भी मंजूरी दे दी है।

# हैवान बने सिरफिरे प्रेमियों ने उठाया खौफनाक कदम

**नई दिल्ली/मुरादाबाद (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद शहर में दो प्रेमियों ने खौफनाक घटना को अंजाम दिया है। अपनी प्रेमिकाओं के साथ हैवानियत कर उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। दिल्ली में तो सिरफिरे प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की हत्या के बाद पेट्रोल डालकर उसका शव भी जलाने का प्रयास किया।

## युवती को चाकू से गोदा शव को जलाने की कोशिश



**दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण दिल्ली के महरौली स्थित जंगलों में एक सिरफिरे युवक अर्शकीरत (22) ने डीयू की छात्रा महक (18) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। जुर्म छुपाने के लिए युवती का शव जलाने की भी कोशिश की। पुलिस के मुताबिक परिवार के कहने पर युवती से दूरी बनाने से नाराज हत्यारोपी ने वारदात को अंजाम दिया। शव बरामद करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि रविवार को सुबह आठ बजे घर से कॉलेज जाने की बात कहकर महक निकली थी। दोपहर करीब ढाई बजे अर्श के पिता ने महक की मां प्रीति के मोबाइल पर कॉल कर बताया कि उनकी बेटी ने दो युवक बुलवाकर उनके बेटे को चाकू मारे हैं। पीछे से अर्श की आवाज आई कि उसने भी महक को चाकू मारे हैं। दोनों की इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती हुई थी।

पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 18 वर्षीय मृतका महक जहांगीरपुरी में अपने परिवार के साथ रहती थी। उसके पिता ने थाना पुलिस को सूचना दी थी कि रविवार सुबह उनकी बेटी कोचिंग में जाने की बात कहकर घर से निकली थी।

फिर वह अर्शकीरत नाम के युवक के साथ महरौली स्थित संजय वन में चली गई। अर्शकीरत तो अपने घर चला गया, लेकिन बेटी घर नहीं आई। युवती का मोबाइल भी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पेचकस से प्रेमिका के प्राइवेट पार्ट व शरीर पर 30 वार



**मुरादाबाद (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के मैनाठेर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 20 साल की सायरा की उसके ही प्रेमी ने बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी। उसका खून से सना शव गांव के पास मक्के के खेत में बरामद हुआ है। शव की हालत इतनी बदतर थी कि रोंगटे खड़े हो जाएं। उसके शरीर पर प्राइवेट पार्ट सहित 30 से ज्यादा जगह पेचकस से वार किए गए हैं। आरोपी प्रेमी रफी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

मैनाठेर इलाके की निवासी लापता सायरा के परिजन उसे रात भर तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सायरा की मां शफीना, उसे खोजते हुए नरौदा रोड स्थित मंदिर के पास खेतों की ओर पहुंचीं। वहीं जब्बार नामक व्यक्ति के मक्का के खेत में उन्होंने अपनी बेटी का लहूलुहान शव देखा। यह दृश्य इतना भयावह था कि मां की चीख-पुकार से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और मातम पसर गया। सायरा के शरीर पर पेचकस के 30 से ज्यादा वार थे, जिससे साफ जाहिर होता है कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

# शराब के नशे में दोस्त को मार डाला



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला में शराब पीने के दौरान हुए झगड़े में एक युवक ने अपने दोस्त की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना सेक्टर-49 के बरौला क्षेत्र में जितेंद्र (30) पुत्र राज निवासी सहसवान गढ़ी जिला बदायूं तथा कपिल उर्फ कपिल पुत्र ओमप्रकाश निवासी जेजे कॉलोनी (24 वर्ष) दोनों बैठकर अक्सर शराब पिया करते थे। 2 जून की रात भी दोनों बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया इस दौरान आरोपी जितेंद्र ने गुस्से में आकर कपिल पर चाकू से कई वार कर दिए जिससे उसकी मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि किस विवाद के चलते जितेंद्र ने इतना खौफनाक कदम उठाया है।

## नोएडा प्राधिकरण के गैर हाजिर कर्मचारियों पर एक्शन


सीईओ ने 35 कर्मचारियों को एक दिन का वेतन रोका

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण में समय की पाबंदी को लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने लापरवाह कर्मचारियों पर बड़ी कार्यवाही की है। सीईओ ने औचक निरीक्षण के दौरान जब विभिन्न विभागों के उपस्थिति रजिस्टर देखे तो पाया कि करीब 35 अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे थे। इस लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए सीईओ डॉ. लोकेश एम ने इन सभी का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया है। यही नहीं, सभी से लिखित स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि तय समयसीमा में जवाब नहीं दिया गया, तो आगे और भी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक समय पालन को लेकर पहले भी कर्मचारियों को चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद सुधार नहीं हुआ। अब प्रशासन यह संकेत दे रहा है कि अनुशासनहीनता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## भोजपुर टोल प्लाजा पर कर्मचारियों से मारपीट



**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** दल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे के गाजियाबाद में भोजपुर टोल प्लाजा पर टोल कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। ये वीडियो भोजपुर टोल प्लाजा का बताया जा रहा है। जहां कार सवार कुछ युवक टोल कर्मियों के साथ मारपीट कर रहे हैं। मारपीट की पूरी वारदात टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

## आईजीआरएस रैंकिंग में नोएडा पुलिस का दबदबा

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की अगुवाई में नो पुलिस लगातार रिकार्ड बना रही है। शासन द्वारा जारी आईजीआरएस रैंकिंग में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का पूरे प्रदेश में दबदबा कायम है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की अगुवाई में मई माह में नोएडा पुलिस ने पहली रैंक हासिल की है। जिले के सभी 27 थानों ने शिकायतों का शत प्रतिशत किया निस्तारण। बीते माह भी जनपद की पुलिस को मिला था पहला स्थान। पुलिस कमिश्नर द्वारा की जाती है मॉनिटरिंग।

## देशभर में कोविड संक्रमण के 203 नए मामले



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 203 नए मामले सामने आए हैं, जबकि चार लोगों की मौत हो गई है। इस बीच, दिल्ली में 47 नए कोविड मरीजों की पुष्टि हुई, जबकि 82 मरीजों ने रिकवर होकर स्वस्थ होने की सूचना दी।

दिल्ली में कोविड के मामलों में वृद्धि देखी गई है, जबकि एनसीआर क्षेत्र में 11 नए मामले सामने आए। लखनऊ में भी एक कोविड केस की पुष्टि हुई है। शहर में अब कोविड के मामलों की निगरानी के लिए सीएचसी पर एंटीजन जांच शुरू करने का आदेश दिया गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देशभर में अब तक कुल 3,961 सक्रिय कोविड मामले हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में सक्रिय मामलों की संख्या 157 पहुंच गई है। यह संख्या कोविड के मामलों में मामूली बढ़ोतरी की ओर इशारा करती है।

## थार से युवक को कुचलने की कोशिश

### सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कमेंट को लेकर हुआ था विवाद



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में थार सवार दबंगों ने कानून व्यवस्था को खुली चुनौती दी है। दरअसल यहां पर एक थार सवार ने पहले एक शख्स को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट में घायल शख्स जब खून से लथपथ आगे की तरफ से जा रहा था। तभी थार सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह उछलकर नाली में जा गिरा। थार की टक्कर से घायल युवक गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में भर्ती बताया जाता है।

इस पूरी घटना का किसी ने वीडियो बना लिया और फिर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। हालांकि अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना थाना सेक्टर-24 इलाके के सेक्टर-53 की बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें पिटाई के बाद एक युवक को थार सवार ने टक्कर मार दी थी। जिससे युवक उछलकर नाली में गिर गया। इस मामले में नोएडा पुलिस के मीडिया सेल ने बताया कि थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के अंतर्गत दो पक्षों के मध्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कमेंट करने को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्ष पूर्व से परिचित है। थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा (शेष पृष्ठ-3 पर)

# 'सेक्टरों व गांवों में सीवरेज ओवरफ्लो न हो'

## सीईओ ने अधिकारियों को दिये निर्देश



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि बरसात के मौसम में नोएडा के सेक्टरों व गांवों में सीवरेज ओवरफ्लो की शिकायतों का निस्तारण प्रतिदिन किया जाए ताकि इस दौरान शहर में जलभराव की समस्या न हो।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम द्वारा जल एवं विद्युत/यांत्रिक विभाग के कार्यो के लिए सभी वरिष्ठ प्रबंधक व अवर अभियंता (संविदा) के साथ एक बैठक आयोजित की गई। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा प्रतिदिन जन शिकायतों एवं प्राप्त फोन कॉल का संपूर्ण निस्तारण नहीं किये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा उनका तत्काल निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान सीईओ ने निर्देश दिए कि नौएडा क्षेत्र में अवैध निर्मित भवनों से प्राप्त सीवर संयोजन को शीघ्र विछेदन किया जाये। नौएडा क्षेत्र में की जा रही जल आपूर्ति गुण एवं मानक के अनुसार हो। सभी वरिष्ठ प्रबंधक अपने क्षेत्र में स्थापित सभी स्ट्रीट लाईटों को क्रियाशील रखने के लिए भ्रमण करेंगे।

स्ट्रीट लाईटों के अनुरक्षण के लिए पूर्व स्थापित नौएडा Noida Smart Led App व हेल्पलाईन नम्बर 18001029574 को पूर्णतः क्रियाशील व प्रभावी रखा जाए साथ ही नौएडा- ग्रेटर नौएडा एक्सप्रेसवे, अंडरपास और आंतरिक सड़को पर लाईटो का सुचारू रूप से कार्य करना सुनिश्चित किया जाए।







## चेतना मंच की खबर का असर, भाजपाइयों ने सुधारी गलती

चेतना मंच द्वारा 2 जून 2025 को प्रकाशित समाचार 'बीजेपी के दीवार लेखन अभियान में अशुद्धि' पर भाजपाइयों ने तुरंत एक्शन लिया है दीवार लेखन में अशुद्ध शब्द को अब सुधार दिया गया है।

## खूंखार होता बचपन

हिसार में सहपाठी द्वारा प्रतिशोध में कक्षा दस के एक छात्र की गोली मारकर की गई हत्या ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। एक साल पहले स्कूल में डेस्क पर बैठने को लेकर विवाद की खुंदक आरोपी छात्र अपने दिमाग में पालता-पोसता रहा। फिर एक दिन सहपाठी को सुबह मिलने के बहाने बुलाया और अपने दादा के हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बेहद दुखद है और हर मां-बाप के लिये बेहद चिंता का विषय कि उनके बच्चे का सहपाठी भी इतना खूंखार हो सकता है। हमारे जिस समाज की प्यार, सामंजस्य व सहयोग के लिये मिसाल दी जाती थी, उसमें ये किशोर आखिर ऐसा भयानक कदम कैसे उठा रहे हैं? जिस उम्र में किशोरों को पढ़ना-लिखना था, उस समय में वे हिंसक गतिविधियों में क्यों लिप्त हो रहे हैं? दोषी तो आरोपी छात्र के अभिभावक भी हैं कि जिन्होंने घातक हथियार को लापरवाही से घर में छोड़ा, जिससे आरोपी ने हत्या को अंजाम दिया। बताते हैं कि आरोपी छात्र के दादा सेना से सेवानिवृत्त हैं और एक बैंक में सुरक्षा गार्ड हैं। कितनी दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि मृतक छात्र अपने परिवार में इकलौता था और अपने परिवार को हमेशा के लिये रोता-बिलखता छोड़ गया। एक समय अमेरिका व यूरोप में ऐसी घटनाएं सुनने में आती थी। अब ये किशोर अपराध हमारे दरवाजों पर भी दस्तक देने लगे हैं। समाज में व्याप्त नकारात्मकता व हिंसक प्रवृत्ति का किशोरों द्वारा अनुकरण करना हमारे समाज के लिये खतरे की घंटी ही है। बीते मार्च में दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक छात्र की ऐसी ही निर्मम हत्या हुई थी। वजीराबाद की घटना में एक नौवीं के छात्र का अपहरण करके उसके परिजनों से दस लाख की फिरौती मांगी गई थी। छात्र की हत्या के बाद जांच में पता चला कि उसके अपहरण व हत्या में तीन किशोर संलिप्त थे। आए दिन स्कूल-कालेज विवाद में हिंसक घटनाएं हमें परेशान करती हैं। यदि कम उम्र के बच्चों व किशोरों में बढ़ती हिंसक प्रतिशोध की प्रवृत्ति पर लगाम न लगी तो डर लगता है कि आने वाले समय में हमारे समाज का स्वरूप कैसा होगा। सवाल यह है कि आखिर किशोरों में आपराधिक प्रवृत्तियां क्यों पनप रही हैं। आखिर उन्हें मां-बाप का संघर्ष क्यों नहीं दिखायी देता कि वे कैसे उन्हें पाल-पोस व पढ़ा-लिखा रहे हैं? समाज विचार करे कि वे कौन से कारक हैं जो बच्चों को आपराधिक प्रवृत्ति का बना रहे हैं। उनके द्वारा ऐसे जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिये जिम्मेदार प्रवृत्ति का स्रोत क्या है? ऐसे बच्चों में कानून का भय क्यों नहीं है? कभी लगता है कि हमारे जीवन का हिस्सा बने तकनीकी साधन बच्चों के विवेक पर आक्रमण कर रहे हैं। जिससे उनमें सही-गलत की सोच की प्रक्रिया बाधित हो रही है। कहा जा रहा है कि फिल्म, वेब सीरीज तथा इंटरनेट में व्याप्त आपराधिक कार्यक्रम उन्हें हिंसक बना रहे हैं। जिससे वे बेलगाम सपनों के संजाल में भी फंसते हैं, जिन्हें पूरा करने को वे हिंसक राह पर उतर जाते हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( उसी समय ) वहाँ कालकेतु राक्षस आया, जिसने सूअर बनकर राजा को भटकाया था। वह तपस्वी राजा का बड़ा मित्र था और खूब छल-प्रपंच जानता था॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तेहि के सत सुत अरु दस भाई। खल अति अजय देव दुखदाई॥**

**प्रथमहिं भूप समर सब मारे। बिप्र संत सुर देखि दुखारे॥**

उसके सौ पुत्र और दस भाई थे, जो बड़े ही दुष्ट, किसी से न जीते जाने वाले और देवताओं को दुःख देने वाले थे। ब्राह्मणों, संतों और देवताओं को दुःखी देखकर राजा ने उन सबको पहले ही युद्ध में मार डाला था॥

**तेहिं खल पाछिल बयरु सँभारा। तापस नृप मिलि मंत्र बिचारा॥**

**जेहिं रिपु छय सोइ रचेन्हि उपाऊ। भावी बस न जान कछु राऊ॥**

उस दुष्ट ने पिछला बैर याद करके तपस्वी राजा से मिलकर सलाह विचारी (षड्यंत्र किया) और जिस प्रकार शत्रु का नाश हो, वही उपाय रचा। भावीवश राजा (प्रतापभानु) कुछ भी न समझ सका॥

**दो0-रिपु तेजसी अकेल अपि लघु करि गनिअ न ताहु।**

**अजहुँ देत दुख रबि ससिहि सिर अवसेषित राहु॥**

तेजस्वी शत्रु अकेला भी हो तो भी उसे छोटा नहीं समझना चाहिए। जिसका सिर मात्र बचा था, वह राहु आज तक सूर्य-चन्द्रमा को दुःख देता है॥

(क्रमशः...)

# लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा

चार दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ का बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। गृह मंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरुआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है।

देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी।

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे।



**देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए।**

वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है।

वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सुर्खियों में है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज़ किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया जा चुका है।

वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है।

वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 ज़िले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं।

नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानि कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं में कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए।

पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है।

केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। गृह मंत्रालय की 2017 में शुरू की गई 'समाधान' रणनीति ने जमीन पर बड़ा फर्क डाला है। इसमें सुरक्षा संबंधी कार्ययोजना के साथ-साथ विकास से जुड़ी पहल भी शामिल है।

नक्सलियों के खिलाफ अभियान मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है। इस से पहले कोई सरकार ऐसी इच्छाशक्ति दिखा नहीं पाई। ध्यान इस बात का रखना होगा क़ि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए। जमीनी लड़ाई में जीत केवल आधी सफलता है, अगला फोकस नक्सलियों के पुनर्वास और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने पर होना चाहिए। जिस तरह मोदी सरकार नक्सली समस्या को खत्म काने क़ि दिशा मे तेज़ी से बाद रही है उम्मीद है क़ि वो 2026 में समस्या के स्थायी समाधान के साथ देश के सामने गर्व से खड़ीं होगी।

**-डॉ. आशीष वशिष्ठ**
**( राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार )**

## आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक जरूरी

आतंकवाद को आश्रय देने वाले देश पाकिस्तान की असलियत को उजागर करने के लिए भारत ने बहुत बड़े रणनीतिक स्तर पर कार्य किया है। एक तरफ जहां पाकिस्तान केवल तीन ऐसे मुस्लिम देशों का समर्थन प्राप्त करने में सफल रहा है, जो उसे पहले से ही समर्थन कर रहे थे। वहीं भारत ने इससे आगे बढ़कर वैश्विक समुदाय के समक्ष पाकिस्तान को आतंकियों को संरक्षण देने वाला देश बताने में कोई संकोच नहीं किया। भारत ने विश्व के तमाम देशों में अपने प्रतिनिधि मंडल भेजकर भारत का पक्ष रखकर यह बताने का प्रयास किया है कि आतंकी हमला पाकिस्तान की ओर से किया गया। इसके विपरीत भारत की ओर से केवल जवाबी कार्यवाही ही की गई है, जिसका भारत को पूरा अधिकार है। भारत के प्रतिनिधि मंडलों की ओर से इस सच को दुनिया को बताने का प्रयास किया जा रहा है कि भारत की ओर से पाकिस्तान पर हमला नहीं किया गया, बल्कि आतंकवाद पर प्रहार किया गया। इसी बात पर भारत को विश्व समुदाय का समर्थन भी मिल रहा है। सबसे ख़ास बात यह है पाकिस्तान में जहां अपनी ही सरकार विपक्ष के निशाने पर है, वहीं भारत सरकार ने अपनी कूटनीतिक चाल चलते हुए इन प्रतिनिधि मण्डलों में सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ ही विपक्ष के कई प्रभावी नेताओं को शामिल किया है। यही नेता विश्व के देशों में भारत का पक्ष मजबूती से रख रहे हैं। इससे स्वाभाविक रूप से विश्व बिरादरी से पाकिस्तान पर अलग थलग होने का गंभीर खतरा भी उत्पन्न हो गया है। यह बात सही है कि पाकिस्तान में आश्रय और संरक्षण प्राप्त करने वाले आतंकी आकाओं को आतंकी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए वित्त पोषण प्राप्त होता रहा है। इसका आशय स्पष्ट है कि पाकिस्तान आतंक को समाप्त करने के लिए तैयार नहीं है। क्योंकि आतंकवादियों को जब तक वित्त पोषित कया जाता रहेगा, तब तक पाकिस्तान की ओर से आतंक फैलाने वालों पर अंकुश लगाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सबसे पहले उसके वित्त पोषण पर रोक लगाना बहुत जरूरी है।

यहां यह कहना बहुत आवश्यक है कि पाकिस्तान गिड़गिड़ाकर समर्थन पाने का प्रयास कर रहा है, वहीं भारत की ओर से पाकिस्तान को अलग थलग करने का ठोस प्रयास भी किया जा रहा है। जिसमें भारत का बहुत हद तक सफलता भी मिल रही है। आज के समय में



पाकिस्तान इस बात को नकारने का साहस नहीं कर सकता कि उसके देश में आतंकवादी संगठन सक्रिय नहीं हैं। क्योंकि यह तथ्य विश्व के सामने उजागर हो चुका है। आज भी पाकिस्तान में लश्कर ए तैयबा, लश्कर ए ओमर, जैश ए मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह ए सहाबा, हिज़्बुल मुजाहिदीन आदि पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियाँ चलाते हैं। कई मामलों में आईएसआई से इन्हें सक्रिय प्रशिक्षण एवं अन्य सहयोग भी मिलते हैं। इतना ही नहीं कई बार सेना और सरकार का भी खुला संरक्षण भी इनको मिलता रहा है। पाकिस्तान सरकार की मानें तो उसके यहां 20 से अधिक आतंकी संगठन सक्रिय हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस संख्या को 150 से अधिक तक बताता है। वहीं, अमेरिकी स्टेट डिमार्टमेंट के मुताबिक यह संख्या 70 से अधिक है। वैश्विक समुदाय के दबाव में पाकिस्तान कई बार आतंकी समूहों के विरोध में कार्यवाही करने की बात करता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सेना और राज्य सरकारों की ओर से आतंकी संगठनों को खाद पानी प्राप्त होता रहता है। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद की जड़ें बहुत ही गहरी हैं।

वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान की वास्तविकता बताने के लिए भारत की ओर से ठोस रणनीति बनाकर कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। जहां पाकिस्तान सरकार को अपने ही देश के विपक्षी दलों के कोप का सामना करना पड़ रहा है, वहीं भारत सरकार के साथ विपक्ष के सांसदों ने पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सामूहिक वैश्विक अभियान चलाया है। इससे पाकिस्तान को यह डर सता रहा है कि कहीं पाकिस्तान एक बार फिर से ग्रे सूची में नहीं आ जाए। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि पाकिस्तान की तसवीर यही चित्र प्रदर्शित कर रही है। आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहे पाकिस्तान में अब इतना साहस नहीं है कि वह विश्व के आर्थिक प्रतिबंधों को झेल सके। इसमें पाकिस्तान में आतंरिक विरोधाभास आग में घी डालने का कार्य कर रहा है। ब्लूचिस्तान में पाकिस्तान से अलग होने के लिए चल रहे आंदोलन में और तेजी आई है। इतना ही नहीं बीएलए ने तो कई कदम आगे बढ़कर अपने आपको स्वतंत्र देश घोषित कर दिया है। ब्लूचिस्तान का यह कदम पाकिस्तान को बहुत कमजोर करने वाला है।

पाकिस्तान के बारे में यह आम धारणा निर्मित हो चुकी है कि वह आतंकवाद को बढ़ावा देता है। इसके अलावा यहां पर आतंकवादी संगठनों को वित्त पोषित भी किया जाता है। विश्व के कई देश आतंकवाद को समाप्त करने के लिए आवाज उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब तक आतंकवाद को वित्त पोषित किया जाता रहेगा, तब तक उसे समाप्त करना कठिन है। इसलिए सबसे पहले आतंकवादी संगठनों के वित्त पोषण पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

**- सुरेश हिंदुस्तानी,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

## राशिफल

**ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष अष्टमी**

**(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। अवसाद से बचें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर लें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक है। व्यापार सही है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गृह कलह के संकेत हैं।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। धन हानि के संकेत हैं, अभी निवेश न करें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य की स्थिति, मानसिक स्थिति उतार-चढ़ाव में बनी रहेगी। प्रेम, संतान अच्छा रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
ऊर्जा का स्तर घटता बढ़ता रहेगा। मानसिक स्थिति थोड़ी सी गड़बड़ रहेगी। घबराहट, बेचैनी बनी रहेगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। प्रेम, संतान की स्थिति लगभग ठीक है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मन मस्तिष्क परेशान रहेगा। व्यापार आपका ठीक रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा लेकिन मान सम्मान पर आंच आ सकती है। थोड़ा सा ध्यान रखिएगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
यात्रा कष्टप्रद हो सकता है। धर्म में अतिवादी न बनें। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम, संतान मध्यम है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। कोई रिस्क न लें। वाहन धीरे चलाएं। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। गुदा रोग से परेशान हो सकते हैं। नौकरी चाकरी की स्थिति मध्यम है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है।

# किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में कार्यरत लगभग 700 नलकूप ऑपरेटर कर्मचारियों की वर्षों पुरानी समस्याओं को लेकर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विकास प्रधान के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक नागर ने बताया कि पंप ऑपरेटरों की समस्याओं को लेकर आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया और उनकी विभिन्न मांगों को लेकर ओएसडी बृजेश पाठक को ज्ञापन सौंपा गया।

आलोक नागर ने कहा कि कुछ ठेकेदार पंप ऑपरेटर कर्मचारियों के साथ अत्याचार कर रहे हैं। पिछले 20 वर्षों से ईएसआईसी और ईपीएफ के नाम पर धांधली की जा रही है। किसी भी कर्मचारी को न तो ईएसआईसी और न ही ईपीएफ का लाभ पूर्ण रूप से और समय से मिल पा रहा है। कुछ जोनों के ठेकेदार कर्मचारियों की वेतन भुगतान में भी गड़बड़ी कर रहे हैं।

राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश भाटी ने बताया कि ठेकेदारों द्वारा जबरन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है, वेतन से अवैध कटौती की जा रही है और कई कर्मचारियों के 5 से 7 महीने तक का वेतन बकाया है।

लोकेश भाटी ने कहा कि जब तक प्राधिकरण सभी कर्मचारियों को जेम पोर्टल से नहीं जोड़ता, तब तक उनका उत्पीड़न होता रहेगा।

इसके पश्चात ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा सिंह, ओएसडी अभिषेक पाठक और महाप्रबंधक ए.के. सिंह से सकारात्मक वार्ता हुई। प्राधिकरण के अधिकारियों की ओर से सभी मांगों पर तीन दिन के भीतर समाधान का आश्वासन दिया गया है। साथ ही, यह भी भरोसा दिलाया गया कि दो से तीन महीने के भीतर सभी कर्मचारियों को प्राधिकरण के अधीन नियमित किया जाएगा।

# तिलपता गांव में किसानों की हुई महापंचायत

## जलभराव और प्राधिकरण की अनदेखी पर फूटा आक्रोश

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** तिलपता गांव में जलभराव, जाम और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा गांवों की उपेक्षा के विरोध में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया। मुख्य मार्ग पर हुई इस पंचायत में किसानों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।



महापंचायत की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बाबा रंगीलाल भाटी ने की, जबकि संचालन यूथ प्रदेश अध्यक्ष विपिन खारी ने किया। पंचायत को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि तिलपता गांव ग्रेटर नोएडा का ऐतिहासिक गांव है, लेकिन इसके मुख्य मार्ग पर जलभराव और भारी वाहनों के आवागमन के चलते लगातार जाम की समस्या बनी रहती है।

उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। किसानों की मांगों में 10 फीसदी भूखंड आवंटन, आबादी क्षेत्र का निस्तारण, और 2013 के अधिनियम के अनुसार चार गुना मुआवजा शामिल हैं। बलराज भाटी ने चेतावनी दी कि यदि प्राधिकरण ने अपना तानाशाही रवैया नहीं बदला, तो किसान बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

जब महापंचायत के दौरान प्राधिकरण का कोई सक्षम अधिकारी नहीं पहुंचा, तो बलराज भाटी ने महापंचायत को अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन में बदलने और मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों को रोकने का ऐलान कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्राधिकरण के जितेन्द्र गौतम, सीनियर मैनेजर राजेश कुमार, सेंट्रल वी.एस. वीर, और विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों से बिंदुवार वार्ता कर 10 दिन में सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

बलराज भाटी ने किसानों से चर्चा के बाद तय किया कि यदि 10 दिनों में मांगे पूरी नहीं हुईं, तो 11वें दिन से तिलपता मुख्य मार्ग पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

महापंचायत को संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट ठाकुर विजय प्रताप सिंह, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल, प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, प्रदेश महासचिव संदीप नागर, जिलाध्यक्ष योगेश वैष्णव, पूर्वी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, और अन्य कई पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में चंद्रपाल बंसल, रोहित भाटी, जितेन्द्र सिंह, आशीष नागर, राहुल भाटी, हेमंत पंडित, आकिब चौधरी, प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह, प्रशांत, मनोज यादव, पवन यादव, एडवोकेट सतेंद्र खारी, डॉ. खालिद, राजकुमार प्रधान, और सैकड़ों किसान शामिल रहे।

# 41वें दिन भी जारी रहा सीटू का धरना




**नोएडा ( चेतना मंच )।** मैसर्स भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, प्लॉट पर सीटू का 41वें दिन धरना जारी रहा।

यूनियन नेता रणजीत सिंह ने बताया कि जब तक निष्कासित श्रमिकों को कार्य पर पुन: नहीं लिया जाता, तब तक कर्मचारी प्रतिदिन कंपनी के मुख्य द्वार पर ड्यूटी समय से पहले और बाद में गेट मीटिंग कर नारेबाजी करते रहेंगे। निष्कासित श्रमिक कांट्रैक्ट लेबर इम्प्लॉइज यूनियन (सीटू) के झंडे-बैनर के साथ संस्थान के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठे हैं।

धरने के 41वें दिन सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा और महासचिव रामसागर ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कंपनी प्रबंधन से मांग की कि सभी निष्कासित कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति सहित तत्काल कार्य पर वापस लिया जाए, अन्यथा आंदोलन को चरणबद्ध रूप से और तीव्र किया जाएगा।

# वैश्य समाज ने प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री महाराजा अग्रसेन वैश्य सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। यह समारोह स्वर्ण नगरी स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया, जो भवन के उद्घाटन के बाद समिति का पहला आयोजन भी रहा।




समिति के अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया कि समारोह का उद्देश्य समाज के होनहार बच्चों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाना और अन्य बच्चों को भी प्रेरित करना है। इस वर्ष कुल 45 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

समारोह में समिति के संरक्षक मनोज गर्ग ने कहा कि बच्चों के साथ उनके माता-पिता और दादा-दादी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का भावनात्मक महत्व और बढ़ गया। उन्होंने बच्चों को केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेल, सामाजिक ज्ञान और समग्र विकास पर भी ध्यान देने की प्रेरणा दी।

प्रेरक वक्ता डॉ. तेजेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों से न डरने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि सच्चा संघर्ष वही है जो व्यक्ति को निखारता है। लक्ष्य चाहे जितना बड़ा हो, उसे पाने का हौसला होना चाहिए। मीडिया प्रभारी मुकुल गोयल ने बताया कि इस आयोजन में समिति के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें ओमप्रकाश अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, नवीन जिंदल, लाला विजय, राजेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, बृजमोहन गोयल, अमित गोयल, कपिल गुप्ता, आलोक गुप्ता, अरुण गुप्ता, मनोज गुप्ता, गिरीश जिंदल, नितिन बंसल, अशोक अग्रवाल, रवि बंसल, डी.पी. गोयल, रिंकू अग्रवाल, गौरव गोयल, अनिल गुप्ता, पंकज अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बिहार में इस बार चिराग पासवान बनेंगे : सीएम

नोएडा( चेतना मंच ) । नोएडा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे एवं वरिष्ठ लोक जनशक्ति पार्टी के नेता अमरेश श्रीवास्तव ने दावा किया है कि इस बार बिहार में केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं उन्होंने कहा कि चिराग पासवान एक ऐसे नेता हैं जो सभी समाज के लोगों का विशेष रूप से ख्याल रखते हैं उन्होंने कहा कि इस बार लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए के साथ मिलकर मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि चिराग पासवान पूरे बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर धुआंधार जनसंपर्क अभियान कर रहे हैं अमरेश श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार चिराग पासवान के बिहार में मुख्यमंत्री बनते ही बिहार के विकास को चार-चांद लगेगा उन्होंने कहा कि यदि श्री पासवान ने मौका दिया तो हम भी गोपालगंज से चुनाव लड़ेंगे।



## पृष्ठ एक के शेष....

**युवती को चाकू...**

बंद आ रहा है। पुलिस ने देर शाम तक संजय वन में युवती की तलाश की, लेकिन कोई भी सुराग नहीं लगा।

फिर पुलिस ने रानी बाग स्थित अर्शकीरत के घर पहुंची और उससे पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर अर्शकीरत ने बताया कि उसने संजय वन में चाकू से गोदकर युवती की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर युवती का शव बरामद कर किया। पुलिस ने युवक को हत्या व सबूत मिटाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में अर्शकीरत ने बताया कि करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए युवती से उसकी दोस्ती हुई थी। फिर दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। दिल्ली विवि से दोनों ही बीकाम प्रथम वर्ष में पढ़ाई कर रहे थे। अर्शकीरत ने युवती को मिलने के बहाने संजय वन बुलाया था। जहां उसकी हत्या कर दी।

**पेचकस से प्रेमिका...**

हत्या बेहद क्रूरता से की गई। उसकी हालत देख गांव के लोग सन्न रह गए। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि आरोपी और मृतका का प्रेम संबंध था और दोनों के बीच पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद प्रेमिका ने कुछ लोगों से प्रेमी को पिटवाया भी था। ऐसे में शनिवार को आरोपी पूरी तैयारी से अपने साथ पेचकस और अन्य हथियार लेकर गया था। उसने युवती को जंगल में बुलाकर उस पर हमला बोल दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आया है कि पेचकस से हमले के चलते इंटरनल ब्लीडिंग की वजह से उसकी मौत हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**थार से युवक...**

सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com






**खास खबर**

## आईपीएल के इस सत्र में लगे सबसे अधिक 1271 छक्के

**मुम्बई ।** आईपीएल के इस 18 वें सत्र में जमकर छक्के लगे हैं। इस सत्र में अब तक 1271 छक्के लगे हैं। इसी के साथ अब तक 1260 छक्कों का इतिहास आईपीएल 2014 का रिकार्ड टूट गया। वहीं साल 2023 आईपीएल में 1124 छक्के लगे थे।
एक आईपीएल सत्र में हजार से अधिक छक्के लगाने का कारनामा कुल चार बार हुआ है। आईपीएल के पहले सत्र में कुल 622 छक्के लगे थे। एक सत्र में हजार सिक्स का आंकड़ा पहली बार आईपीएल 2022 में पहुंचा था। 15वें सत्र में खिलाड़ियों ने 1062 छक्के लगे थे। आईपीएल 2025 में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब टीम का जवाब नहीं है। पंजाब ने सत्र में सबसे ज्यादा 159 छक्के लगाये हैं। उसके बाद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) है, जिसने 152 छक्के लगाये हैं। एलएसजी लीग चरण से ही बाहर हो गई थी। वहीं, आईपीएल 2025 में सर्वाधिक छक्के मारने वाले खिलाड़ियों की सूची में फिलहाल एलएसजी के निकोलस पूरन शीर्ष पर हैं। पूरन ने 14 मैचों में 40 छक्के लगाये हैं। वहीं दूसरे स्थान पर श्रेयस हैं। उन्होंने 16 मैचों में 39 छक्के लगाये हैं। अय्यर ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ क्वालीफायर-2 में बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने 41 गेंदों में नाबाद 87 रन बना, जिसमें पांच चौके और 8 छक्के शामिल थे। श्रेयस की पारी के बल पर पंजाब ने 204 रनों का लक्ष्य 6 गेंद पहले ही हासिल कर लिया।

## सूर्यकुमार ने आईपीएल में डिविलियर्स का रिकार्ड तोड़ा

**अहमदाबाद ।** मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। सूर्या इस सत्र में ऐसे बल्लेबाज के रूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं जो ओपनर के तौर के तौर पर न उतरा हो। सूर्यकुमार ने इस सत्र में 691 रन बनाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी के पूर्व स्टार एबी डिविलियर्स के साल 2016 के रिकॉर्ड 687 रन को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में तीसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स के ऋषभ पंत हैं, जिन्होंने साल 2018 में 684 रन बनाए थे, जबकि चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के केन विलियमसन 2018 में 622 रन और पांचवें स्थान पर सूर्यकुमार यादव ही हैं, जिन्होंने 2023 में 605 रन बनाए थे। सूर्यकुमार के इस रिकार्ड से उनकी विस्फोटक और अनोखी बल्लेबाजी शैली साबित हुई है। मुंबई इंडियंस के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए, उन्होंने अपनी 360 डिग्री शॉट-खेले औ दबाव में रन बनाने बनाये हैं। ये सत्र उनके करियर का सबसे रहा जिसमें उनकी निरंतरता और बड़े स्कोर बनाने का जुनून दिखा। सूर्यकुमार ने तेज गति से रन बनाए, जिसमें कई अर्धशतक और एक शतक भी शामिल रहा, जिसने उनकी टीम को कई अहम जीत मिली।
यह रिकॉर्ड इसलिए भी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाजों के अलावा अन्य बल्लेबाजों को कम गेंदें खेलने को मिलती हैं।डिविलियर्स का 2016 का प्रदर्शन लंबे समय तक बना रहा। पर इस बार सूर्यकुमार ने इसे मामूली अंतर से तोड़ दिया।

## राजीव शुक्ला होंगे बीसीसीआई के नए अध्यक्ष

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष रोजर बिन्नी का कार्यकाल अगले माह पूरा हो रहा है। ऐसे में बीसीसीआई के नए अध्यक्ष राजीव शुक्ला होंगे। वह अगले महीने माह अध्यक्ष पद संभालेंगे। वर्तमान अध्यक्ष बिन्नी अगले माह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे। बीसीसीआई नियमों के तहत 70 साल तक ही पद पर रहा जा सकता है और ऐसे में बीसीसीआई उपाध्यक्ष शुक्ला को बीसीसीआई अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलेगी। पहले 3 महीने के लिए वह कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये जाएंगे अभी वह 65 वर्ष के हैं। सितंबर में जब बीसीसीआई की सालाना बैठक होगी तब वह 66 साल के हो जाएंगे और ऐसे में पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ सकेंगे।
बिन्नी अक्टूबर 2022 में सौरव गांगुली की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष बने थे।

# आईपीएल 2025 को मिलेगा नया चैंपियन, फाइनल में भिड़ेंगी आरसीबी और पंजाब किंग्स

**आज अहमदाबाद में होगा खिताबी मुकाबला, दोनों टीमें पहली बार जीत के लिए करेंगी जंग**




एजेंसी
**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) को आठ साल बाद नया चैंपियन मिलने जा रहा है। रविवार रात अहमदाबाद में हुए क्वालिफायर-2 में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में जगह बना ली। अब 3 जून को फाइनल मुकाबले में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा। खास बात यह है कि आईपीएल के इतिहास में न तो आरसीबी और न ही पंजाब कभी खिताब जीत पाई हैं। ऐसे में इस बार ट्रॉफी किसी नई टीम के नाम होगी। चौथी बार फाइनल खेलेगी आरसीबी, अब तक तीन बार रनर-अप रही है । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का यह चौथा आईपीएल फाइनल होगा। इससे पहले टीम 2009, 2011 और 2016 में फाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन तीनों बार हार का सामना करना पड़ा। 2009 में डेक्कन चार्जर्स, 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स और 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों उन्हें खिताब गंवाना पड़ा था।

**दूसरी बार फाइनल में पहुंची पंजाब किंग्स, बदली किस्मत**

**पंजाब किंग्स** (पूर्व नाम किंग्स इलेवन पंजाब) दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 2014 में फाइनल में पहुंची थी, जहां उसे कोलकाता नाइट राइडर्स से हार का सामना करना पड़ा था। 2011 से प्लेऑफ की शुरूआत के बाद से 2024 तक पंजाब सिर्फ एक बार ही प्लेऑफ में पहुंची थी। इस बार टीम ने लीग स्टेज में दमदार प्रदर्शन कर नंबर-1 पर रहते हुए प्लेऑफ में एंट्री ली और अब फाइनल में पहुंची है।

**श्रेयस अय्यर ने रचा इतिहास, तीन टीमों को दिलाई फाइनल में जगह**

**पंजाब किंग्स** के कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह आईपीएल इतिहास के पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने तीन अलग-अलग टीमों को फाइनल तक पहुंचाया है। 2020 में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में पहुंचाया था, 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब जिताया और अब 2025 में पंजाब को फाइनल तक लाने में सफल रहे हैं।

**लीग स्टेज में टॉप-2 रहीं दोनों टीमें, क्वालिफायर में भी कांटे की टक्कर**

**पंजाब** और आरसीबी दोनों ने लीग स्टेज में शानदार प्रदर्शन किया। दोनों टीमों ने 14 में से 9 मैच जीते, 4 हारे और एक मैच बेनतीजा रहा। नेट रन रेट में भी दोनों में मामूली अंतर था। लीग स्टेज में पंजाब ने बेंगलुरु को उनके होम ग्राउंड पर हराया था, जबकि आरसीबी ने रिवर्स फिक्सचर में मुल्लांपुर में जीत दर्ज की थी। क्वालिफायर-1 में दोनों टीमों की भिड़ंत हुई थी, जहां आरसीबी ने पंजाब को सिर्फ 101 रन पर समेटकर 10 ओवर शेष रहते मैच जीत लिया और सीधे फाइनल में पहुंच गई। वहीं पंजाब ने क्वालिफायर-2 में मुंबई को हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। अब सभी की निगाहें 3 जून को अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल 2025 के फाइनल पर टिकी होंगी, जहां क्रिकेट प्रेमियों को एक नया चैंपियन देखने को मिलेगा।

## आईपीएल 2025: स्लो ओवर रेट के चलते श्रेयस अय्यर और हार्दिक पंड्या पर लगा जुर्माना

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के क्वालिफायर-2 मुकाबले में स्लो ओवर रेट के चलते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर जुमार्ना लगाया गया है। यह मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला गया था। आईपीएल की आचार संहिता के तहत निर्धारित ओवर गति बनाए रखने में विफल रहने पर यह कार्रवाई की गई है। पंजाब किंग्स के लिए यह सीजन का दूसरा अपराध था, जिस कारण कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। वहीं, प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर या तो 6 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुमार्ना लगाया गया है। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस के लिए यह तीसरी बार था, जब टीम निर्धारित समय में ओवर पूरे करने में



असफल रही। नतीजतन, कप्तान हार्दिक पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। टीम के अन्य खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर या तो 12 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुमार्ना लगाया गया।

## अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पहुंचे आवेश खान

**अजमेर ।** तेज गेंदबाज आवेश खान अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पहुंचे। उन्होंने अपने माता-पिता और रिश्तेदारों के साथ दरगाह में चादर और फूल चढ़ाकर जियारत की और देश, टीम और अपने करियर के लिए दुआ मांगी। दरगाह पहुंचने पर खादिम सैयद असगर अली हाशमी ने उन्हें जियारत करवाई और दस्तारबंदी कर तबरुख भेंट किया। इस दौरान आवेश ने कहा, जब भी कोई बड़ा मैच या टूनार्मेंट होता है, मैं उससे पहले और बाद में अजमेर शरीफ में हाजिरी देता हूं। इससे आत्मिक शांति मिलती है और खेल में ऊर्जा आती है।

## हेनरिक क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास




एजेंसी
**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, यह मेरे लिए एक दुखद दिन है, क्योंकि मैं घोषणा कर रहा हूं कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हटने का फैसला लिया है। यह फैसला लेना मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन मैंने अपने और अपने परिवार के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा, अब मैं अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिता सकूंगा और यही मेरे इस फैसले का मुख्य कारण है। 33 वर्षीय क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले लिया था, ताकि वह सफेद गेंद क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने अपने करियर में दक्षिण अफ्रीका के लिए 60 वनडे, 58 टी20 और 4 टेस्ट मैच खेले। क्लासेन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इसी साल मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खेला था ।

## नॉर्वे चेस 2025: विश्व चैम्पियन गुकेश ने वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को दी करारी शिकस्त

एजेंसी
**स्टावेंगर ।** नॉर्वे चेस 2025 के छठे राउंड में सभी बोर्डों पर जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। इस दिन का सबसे चर्चित मुकाबला विश्व चैम्पियन डी गुकेश और वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के बीच हुआ। लंबे और कड़ी टक्कर वाले इस मैच में कार्लसन शुरूआत में बेहतर स्थिति में दिखे, लेकिन टाइम ट्रबल में उनकी एक बड़ी चूक ने गुकेश को मौका दिया और उन्होंने बढ़त लेकर शानदार जीत दर्ज की। बाकी के दो क्लासिकल मैच यी वेई बनाम अर्जुन एरिगैसी और फैबियानो कारुआना बनाम हिकारु नाकामुरा के बीच कड़ी टक्कर के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुए। हालांकि, अर्जुन और कारुआना ने आर्मगेडन मुकाबलों में जीत दर्ज कर महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक हासिल किए। इन परिणामों के साथ कार्लसन और कारुआना अब टूर्नामेंट की संयुक्त बढ़त पर हैं।



नॉर्वे चेस वुमन टूर्नामेंट में म्यूजिचुक और कोनेरू हंपी साझा लीड पर महिला टूर्नामेंट में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखी, जहां तीन क्लासिकल मैच ड्रॉ हुए और उसके बाद तीन आर्मगेडन गेम खेले गए। अन्ना म्यूजिचुक, वैशाली रमेशबाबू और वेनजुन जू ने आर्मगेडन में जीत हासिल की। टूनार्मेंट के इस चरण में म्यूजिचुक और कोनेरू हंपी अब संयुक्त लीड पर हैं ।



**स्पेन में मैकलरेन के ऑस्ट्रेलियाई चालक ऑस्कर पियासट्री और फरारी के चार्ल्स लेकलरेक जीत के बाद पोंडियम में जश्न मनाते हुए।**

## श्रीहरि नटराज ने 200मी. फ्रीस्टाइल में बनाया नया भारतीय रिकॉर्ड

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में ह्यसर्वश्रेष्ठ भारतीय समय दर्ज किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



पहले इससे 24 वर्षीय नटराज टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने रविवार को सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48.66 सेकंड का समय निकाला। इसके साथ ही उन्होंने साजन प्रकाश के 2021 में बनाए गए 1:49.73 सेकंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। बैकस्ट्रोक में विशेषज्ञता रखने वाले नटराज इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक भी जीत चुके हैं। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड केवल नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में बनाए गए समय को ही माना जाता है, जबकि अन्य प्रतियोगिताओं में बनाए गए समय को

## फोर नेशन हॉकी टूर्नामेंट में अर्जेंटीना से २-4 से हारी भारतीय जूनियर महिला टीम

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जा रहे चार देशों के टूनार्मेंट में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए कनिका सिवाच (11, 45) ने दो शानदार गोल किए और टूर्नामेंट में अपनी बेहतरीन फॉर्म को जारी रखा। मैच की शुरूआत तेज रफ्तार में हुई और पहले ही क्वार्टर में कुल चार गोल देखने को मिले। अर्जेंटीना ने जबरदस्त शुरूआत करते हुए 5वें मिनट में सोल गुइगनेट गुनाजु के गोल से खाता खोला। इसके कुछ ही देर बाद 7वें मिनट में सोल ओलाला डी लाब्रा ने दूसरा गोल दागकर



मेजबान टीम को मजबूत बढ़त दिला दी। भारत की ओर से 11वें मिनट में कनिका सिवाच ने शानदार सजगता दिखाते हुए गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि, अर्जेंटीना ने तुरंत पलटवार करते हुए 13वें मिनट में मिलाग्रोस डेल वैले अलास्त्रा के जरिए दोबारा दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ, लेकिन तीसरे क्वार्टर के 37वें मिनट में अर्जेंटीना की मैक्सिमा डुपोर्टाल ने चौथा गोल कर भारत पर दबाव और बढ़ा दिया।

## श्रेयस अय्यर पंजाब की ओर से सबसे अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बने

**मुम्बई :** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल के इस 18 वें सत्र में अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी हैं। इस सत्र में अब तक अय्यर ने 39 छक्के लगाये हैं। ये पंजाब के किसी भी बल्लेबाज द्वारा किसी एक सत्र में सबसे ज्यादा छक्के हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल के 2014 के 36 छक्के के रिकॉर्ड को तोड़ा हैं। वहीं इस सूची में तीसरे स्थान पर क्रिस गेल और लियाम लिविंगस्टन हैं, जिन्होंने 2019 और 2022 में 34-34 छक्के लगाए थे जबकि केएल राहुल 2018 में 32 छक्कों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

## आर सी ए प्रीमियर लीग 2025 अंडर 10, आर सी ए येलो ने जमाया खिताब पर कब्जा

एजेंसी
**रांची ।** आर सी ए प्रीमियर लीग 2025 अंडर 10 का फाइनल मुकाबला आज सेंट जेवियर स्कूल ग्राउंड में खेला गया जिसमें आर सी ए यैलो ने आर सी ए बब्लू को 2 विकेट से हरा दिया । पहले बल्लेबाजी करते हुए आर सी ए ब्लू की टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 121 रन बनाए मृणाल ने 24 और उत्कर्ष ने 11 रन की पारी खेली अंश को 3 और हर्ष को 2 विकेट प्राप्त हुए । जवाब आर सी ए यैलो की टीम ने 18.2 ओवरों में 8 विकेट खोकर 122 रन बना लिए उत्कर्ष ने 22 और अरहम ने 16 रन बनाए ।



**एनोस इक्का ने 6 विकेट प्राप्त किए**

**फाइनल** का मैन ऑफ द मैच एनोस इक्का को दिया गया । बेस्ट बैट्समैन राशदान बेस्ट बॉलर एनोस इक्का को दिया गया । फाइनल मैच के मुख्य अतिथि श्री अनिल शर्मा थे जिन्होंने विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया । वहीं इस मौके पर मोहम्मद वसीम,सूरज मोहन, मोहम्मद उज्जैर, समीर चौधरी, रणविजय सिंह,राजीव महतो, कुंतक आनंद और बहुत सारे अभिभावक और खेल प्रेमी मौजूद थे । नोट कल 03.06.2025 को आर सी ए प्रीमियर लीग सीनियर का फाइनल मुकाबला और 08.03.2025 को जेवियर प्रीमियर लीग अंडर 14 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा ।

# रूट की शतकीय पारी ने वेस्टइंडीज को हराया

एजेंसी
**कार्डिफ ।** अनुभवी बल्लेबाज जो रुट के नाबाद शतक 166 रनों की सहायता से इंग्लैंड ने दूसरे एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47.4 ओवर में 308 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड ने रूट के शानदार प्रदर्शन से 309 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की ओर से ब्रैंडन किंग ने 66 रन बनाये जबकि कीसी कार्टी ने शतक लगाया। इसके बाद कप्तान शाई होप ने 66 गेंदों पर 78 रन बनाए और स्कोर 308 तक ले गए। वहीं




इंग्लैंड की ओर से आदिल राशिद ने 63 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि साकिब महमूद ने तीन तोब्रायडन कार्स ने एक विकेट लिया। 309 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हए इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रह। उसके दोनों ही सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जेमी स्मिथ खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। कप्तान हैरी ब्रूक (30) और जोस बटलर (0) भी जल्दी पवेलियन लौटे, जिससे इंग्लैंड 93/4 पर संकट में था पर रूट ने 139 गेंदों में 2 छक्के और 21 चौके लगाकर नाबाद 166 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। यह एकदिवसयी में उनका सर्वोच्च स्कोर था और इस पारी से वह इंग्लैंड के लिए एकदिवसीय में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। उनसे पहले इयोन मॉर्गन ने 6,957 रन बनाये थे। रूट ने जैकब बेथेल 17 और विल जैक्स 49 के साथ मिलकर पारी को संभाला और अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने 4 विकेट लिए पर रूट के सामने वह सफल नहीं हुए। रूट ने जस्टिन ग्रीव्स की गेंद पर छक्का लगाकर अपने 7000 वनडे रन पूरे किए।

## ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

▸ 2023 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक दोहरा शतक जड़ने वाले मैक्सवेल ने कहा- अब टीम को भविष्य के लिए तैयार होने देना चाहिए

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास ले लिया है। हालांकि वे टी20 फॉर्मेट में उपलब्ध रहेंगे और 2026 में होने वाले अगले टी20 वर्ल्ड कप तक खेलते रहने की उम्मीद है। 36 वर्षीय मैक्सवेल ने यह ऐलान द फाइनल वर्ड पॉडकास्ट में एक लंबे इंटरव्यू के दौरान किया। उन्होंने बताया कि 2022 में पैर टूटने के बाद वनडे क्रिकेट उनके शरीर पर भारी पड़ रहा था। इसी साल चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी उन्हें काफी थकान महसूस हुई।




**अब अगली पीढ़ी को मौका देने का समय : मैक्सवेल**

**मैक्सवेल ने कहा,** मुझे लगने लगा था कि मैं टीम को थोड़ा पीछे खींच रहा हूं। मैंने चयनकर्ता जॉर्ज बेली से बात की और कहा कि मैं 2027 वर्ल्ड कप तक नहीं खेल पाऊंगा। अब समय है कि मेरी जगह किसी और को तैयार किया जाए।द्द उन्होंने आगे कहा, मैं कभी भी ऐसे नहीं खेलना चाहता था कि बस रिकॉर्ड या निजी संतोष के लिए टीम में बना रहूं। जब मुझे लगे कि मैं टीम के भविष्य का हिस्सा नहीं हूं, तब विदा लेना ही बेहतर है।

**रिकॉर्ड्स भले ही सामान्य लगें, लेकिन स्ट्राइक रेट में सब पर भारी**

**मैक्सवेल** ने 149 वनडे मैचों में 33.81 की औसत से 3990 रन बनाए और 77 विकेट लिए। हालांकि उनकी सबसे बड़ी खासियत थी उनका विस्फोटक अंदाज झ 126.70 का स्ट्राइक रेट, जो एंड्रे रसेल के बाद इतिहास का दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। 2000 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में यह सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है ।2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 201* रन की पारी ने उन्हें अमर बना दिया।



# रसोई में इन पौधों को लगाएं, नहीं पड़ेगी धूप की जरूरत

**आप घर के किसी भी हिस्से में पौधे लगा सकते हैं। कुछ पौधे ऐसे भी हैं, जिन्हें सूरज की रोशनी की जरूरत नहीं पड़ती है और आप उन्हें घर के अंदर भी लगा सकते हैं।**

घर को सजाने की बात हो या हवादार बनाने की, पौधें लगाना बहुत अच्छा विकल्प है। हालांकि, बहुत बार लोग घर के बाहर तो पौधे लगा लेते हैं, लेकिन अंदर नहीं। दरअसल हमें लगता है कि घर के अंदर सूरज की रोशनी नहीं आएगी, जिससे पौधे मर जाएंगे। अगर आप भी ऐसा सोचते हैं, तो आप गलत है। इस आर्टिकल में जानें कि आप घर की रसोई में किन पौधों को लगा सकते हैं।

## घर की रसोई में लगाएं एग्लोनिमा प्लांट

एग्लोनिमा प्लांट को आप अपनी रसोई में आसानी से लगा सकते हैं। इस पौधे को चीनी सदाबहार पौधे के नाम से भी जाना जाता है। खास बात यह है कि इस पौधे को ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती है। ऐसे में आप इसे आसानी से घर की रसोई में या किसी भी हिस्से में उगा सकते हैं।

## पीस लिली पौधा कहां लगाएं?

पीस लिली पौधा सबसे अच्छे इनडोर फूलों वाले पौधों में से एक माना जाता है। इस पौधे को भी सूरज की रोशनी नहीं चाहिए होती है। पीस लिली पौधा वायु शुद्ध करने वाला भी होता है। ऐसे में आप इसे घर के किसी भी कोने में लगा सकते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि आप इसे धूप से दूर रखें। इस पौधे पर जैसे ही धूप पड़ती है, वो मुरझा जाता है।

## लकी बैम्बू प्लांट

कहा जाता है कि लकी बैम्बू प्लांट घर में सौभाग्य लाता है। इस पौधे को आप रसोई के माइक्रोवेव या फ्रिज के ऊपर, शो पीस की भी तरह सजा कर सकते हैं। पौधे को लंबा चलाने के लिए बस समय-समय पर उसमें पानी डालते रहें।

## घर की रसोई में लगाएं मनी प्लांट

इन सभी पौधों के अलावा आप घर की रसोई में मनी प्लांट भी लगा सकते हैं। मनी प्लांट को आप पानी और मिट्टी दोनों में उगा सकते हैं।






# ऑनलाइन पेमेंट को सुरक्षित बनाने के लिए ये टिप्स जरूर फॉलो करें

जब से नोटबंदी हुई है उसके बाद से ही भारत में ऑनलाइन पेमेंट्स का बोलबाला हो गया है। उसके पहले तक जहां लगभग 80त्न चीज़ें कैश चलती थीं वहीं अब कई सारे यूपीआई ऐप्स, पेमेंट वॉलेट और कैशलेस ऑप्शन आ गए हैं। वैसे तो हर रोज़ लगभग लाखों का लेन-देन होता है और इस कारण से गलती होने की गुंजाइश भी बहुत होती है। कई बार तो बस एक नंबर या फिर एक छोटे से लेटर की गलती के कारण हजारों का नुकसान हो जाता है। पिछले कुछ समय में ऑनलाइन पेमेंट्स को लेकर 55 प्रतिशत तक की ग्रोथ आई है। अब तो जहां स्मार्टफोन्स हैं वहां पर ऑनलाइन पेमेंट भी हो रही है। ऑनलाइन पेमेंट्स के इतने बढ़ने के कारण डिजिटल थेफ्ट और गलत जगह पर ऑनलाइन पेमेंट करने की समस्या भी बढ़ गई है। ऐसे में क्यों ना कुछ टिप्स को अपनाया जाए जिससे आप ऑनलाइन पेमेंट्स को सुरक्षित बना सकते हैं।

## ऑनलाइन पेमेंट किसी एक सुरक्षित डिवाइस से ही करें

आपको हमेशा ऑनलाइन पेमेंट करते समय ये ध्यान रखता है कि आप अपना यूपीआई आईडी अलग-अलग डिवाइसेस में ना डालें। इस तरह से आप अपने ऑनलाइन पेमेंट्स को कुछ हद तक सुरक्षित बना सकते हैं।
एक ही पासवर्ड और आईडी ना रखें अधिकतर लोग ये समझते हैं कि एक ही तरह के आईडी और पासवर्ड रखना ठीक होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। इससे आपके सारे अकाउंट्स एक साथ हैक होने का खतरा होता है। ध्यान रखें कि यूपीआई आईडी और पासवर्ड सभी अलग-अलग होने चाहिए।

## ई-कॉमर्स वेबसाइट्स में सेव करने से बचें

एक-दो साइट्स में तो फिर भी ठीक है, लेकिन कई बार लोग किसी भी साइट में अपने कार्ड डिटेल्स बिना सोचे समझे डाल देते हैं। ये बहुत ही अजीब बात है कि आप पहली बार किसी साइट पर जा रहे हैं और फिर भी अपनी ऑनलाइन पेमेंट से जुड़ी डिटेल्स डाल रहे हैं। जिन साइट्स को रेगुलर यूज करते हैं उनके अलावा आपको ऐसा किसी साइट के लिए नहीं करना चाहिए।

## टेम्परेरी क्रेडिट कार्ड का करें इस्तेमाल

कुछ क्रेडिट कार्ड कंपनी इस तरह के टेम्परेरी क्रेडिट कार्ड्स देती हैं जो सिर्फ वन टाइम पर्चेज के लिए होते हैं। इन कार्ड्स का काम ही ये होता है कि इनसे रेगुलर पेमेंट्स नहीं की जा सके। इसके अलावा, अगर आप परमानेंट क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करना चाहती हैं तो ऐसे क्रेडिट कार्ड्स चुनें जिनकी लिमिट लो हो।

## पब्लिक वाई-वाई सबसे बड़ा खतरा है

एक चीज़ बहुत ध्यान से समझें। पब्लिक वाई-फाई का इस्तेमाल करना और ऑनलाइन पेमेंट करना हैकर्स को दावत देना है। अगर आप पब्लिक वाई-फाई यूज भी कर रहे हैं तो भी पेमेंट करते समय अपने मोबाइल का डाटा यूज करें।

**ऑनलाइन पेमेंट्स के इतने बढ़ने के कारण डिजिटल थेफ्ट और गलत जगह पर ऑनलाइन पेमेंट करने की समस्या भी बढ़ गई है। ऐसे में क्यों ना कुछ टिप्स को अपनाया जाए जिससे आप ऑनलाइन पेमेंट्स को सुरक्षित बना सकते हैं।**

फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन से जुड़े ये डिटेल्स ध्यान रखने चाहिए।

## दो बार चेक करें यूपीआई आईडी

एक और बात जिसका ध्यान आपको रखना चाहिए वो ये है कि अगर आप किसी को यूपीआई पेमेंट कर रहे हैं तो आप दो बार आईडी को जरूर चेक करें। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आपने इसे गलत कर दिया तो पैसे वापस आना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। किसी भी बड़ी पेमेंट को करने से पहले आप छोटा अमाउंट भेजकर देखें। अधिकतर लोग इसी जल्दबाजी में अपना नुकसान करवा बैठते हैं।

## अपना सीवीवी किसी के साथ शेयर ना करें

आपको ये ध्यान रखना है कि अगर आप ऑनलाइन पेमेंट कर रहे हैं तो ऐसी डिटेल्स जो सिर्फ आपके कार्ड में मौजूद होती है वो सुरक्षित रखनी चाहिए। जैसे आपके कार्ड का सीवीवी किसी के साथ शेयर ना करें।





# पेपर बैग फेंकने की बजाय बच्चों के लिए बनाएं ये 3 चीजें

**पेपर बैग पर आसानी से कस्टम डिजाइन, लोगो और ब्रांडिंग की जा सकती है। इससे आप बच्चों की खेलने की चीजें बनाने के साथ-साथ उनके लिए डेकोरेटिव आइटम्स भी बना सकते हैं।**

प्लास्टिक बैग की तुलना में पेपर बैग मिट्टी में आसानी से मिल जाते हैं। यह वातावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। आप चाहे, तो इसे खुद ट्राइ भी कर सकते हैं। अगर आप एक प्लास्टिक की थैली को गार्डन में पत्थर के नीचे रखते हैं और वहीं उसके साइड में पेपर को पत्थर के नीचे रखते हैं। बारिश होने के बाद जब आप दोनों को देखने जाएंगे, तो प्लास्टिक वैसे का वैसे ही होगा। लेकिन पेपर का हाल खराब हो गया होगा। अगर आप उसे अपने हाथों या पैरों से मिट्टी पर रगड़ेंगे, तो वह पूरी तरह से मिट्टी में मिल जाएगा। लेकिन प्लास्टिक के साथ ऐसा नहीं होगा। इसलिए पेपर बैग का इस्तेमाल अब लोग ज्यादा करने लगे हैं। अगर आप इन पेपर बैग्स को फेंकना नहीं चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके काम आएगा। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पेपर बैग से कुछ ऐसी चीज बना सकते हैं, जो बच्चों को पसंद आएगा।

## पेपर बैग पपेट्स

बच्चे हर दिन नए-नए खिलौनों की जिद करते हैं। लेकिन बजट अच्छा नहीं होने की वजह से बच्चों की हर जिद पूरी नहीं की जा सकती। अगर आपके बच्चे छोटे हैं, तो आप अपने बच्चों के लिए घर पर ही पेपर बैग से चीजें बना सकते हैं। आप घर पर ही इससे पपेट्स बना सकते हैं। बच्चों को यह बहुत पसंद आएगा।

- इसके लिए आपको कलरफुल पेपर, गोंद, अलग-अलग रंग के मार्कर और कटआउट्स चाहिए होंगे।
- आप कटआउट्स की जगह आंखें और मुंह बनाने के लिए बटन का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इसके लिए आप सबसे पहले पेपर बैग को उल्टा करके एक पपेट के रूप में तैयार करें।
- आप इसमें भालू, टेडी बियर या डॉल का डिजाइन बना सकते हैं।
- इसके बाद आप इसकी कटिंग करके रंगीन पेपर, गोंद, और मार्कर का उपयोग करके सजा लें।
- इसमें बच्चे अपनी पसंदीदा चीजें संभालकर रखेंगे। इसके अलावा आप इसे अपनी अलमारी में सजाकर भी रख सकते हैं।

## पेपर बैग से बच्चों के लिए कलर बुक तैयार करें

- अगर बच्चे छोटे हैं, तो आप उनके लिए कलर बुक तैयार कर सकते हैं।
- पेपर बैग को छोटे टुकड़ों में काटें और इन्हें बुकमार्क्स के आकार में बनाएं।
- आप इसे अलग-अलग आकार में भी काट सकते हैं।
- जैसे आप गोल या त्रिभुज आकार बनाएं, इसके बाद इसे अलग-अलग रंग कर दें।
- बच्चों को अगर कलर समझने में परेशानी होती है, तो खेल-खेल में वह सीख जाएंगे।
- इसे आप अकेले न बनाएं। आप बच्चों की मदद से इसे बनाएं।





**ज़िंदगी में दोस्ती का होना अपने आप में एक सुकून है। एक ऐसा इंसान जीवन में होता है जिससे आप खुलकर बात कर सकते हैं या जिसके साथ हंस सकते हैं। दोस्ती का फ़ायदा केवल यहीं तक सीमित नहीं है। यह रिश्ता हमें शारीरिक और मानसिक रूप से भी अच्छा महसूस कराता है।**

# दोस्तों के साथ समय बिताने से होते हैं सेहत को कई फायदे

## संतुष्टि महसूस होती है

शोध बताता है कि दोस्त होने से जीवन में संतुष्टि महसूस होती है। यह आपको दूसरों पर भरोसा करने और सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे जीवन का आनंद लेने की संभावना बेहतर होती है। दोस्तों से मुलाक़ात कभी-कभार हो तो जीवन की संतुष्टि 69 फ़ीसदी तक कम हो सकती है। सप्ताह में एक से ज़्यादा बार दोस्तों से मिलने से संतुष्टि महसूस होती है और ज़िंदगी का आनंद बेहतर तरीक़े से ले पाते हैं।

## तनाव और उलझन कम होती है

एक अध्ययन के अनुसार दोस्ती तनाव और उलझन के स्तर को कम करती है। किशोरावस्था में क़रीबी दोस्त होने से वयस्कता के दौरान मानसिक स्वस्थ्य बेहतर रहता है। वयस्क अवस्था में भी दोस्त की मौजूदगी मन को स्वस्थ रखती है।

## मस्तिष्क को मज़बूती मिलती है

2019 का एक शोध बताता है कि दोस्त और उसका संबल संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली में सुधार करता है। दोस्ती से मानसिक तौर पर स्थिरता आती है जिसका फ़ायदा वृद्धावस्था में मिलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दोस्त होने से स्मरण क्षमता में सुधार होता है।

## अकेलापन दूर होता है

दोस्त होने से अकेलेपन की भावना कम होती है। अकेलापन अवसाद बढ़ाता है और अन्य मानसिक व शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। अध्ययन के अनुसार, मित्रता समर्थन और आत्मीयता की भावना लाती है।

## फिटनेस पर पड़ता है असर

दोस्तों के साथ व्यायाम करने से ज़्यादा फिट रहा जा सकता है। 2017 का एक अध्ययन बताता है कि जो लोग दोस्तों के साथ एक्सरसाइज़ करते हैं उनमें तनाव का स्तर कम पाया जाता है। ऐसे लोगों ने शारीरिक और मानसिक रूप से भी खुद को स्वस्थ पाया।

## सहारा भी है दोस्ती

ज़िंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, जैसे नौकरी जाना, पारिवारिक समस्या या आर्थिक तनाव आदि। इन चुनौतियों का सामना करने में दोस्ती मदद करती है।



# अजय-काजोल के बाद अब दीपिका के बचाव में उतरे सैफ अली खान

पिछले कुछ दिनों से बॉलीवुड में एक विवाद चर्चा में है। दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में काम करने के दौरान 6 से 8 घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी। इसका कारण यह था कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थी तो पूरा वक्त शूटिंग पर नहीं रहना चाहती थीं। इसके बाद उन्हें फिल्म 'स्पिरिट' से रिप्लेस कर दिया, उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। हाल ही में काजोल और अजय देवगन ने दीपिका को इस मामले में सपोर्ट किया। ऐसा लगता है कि अब सैफ अली खान भी दीपिका पादुकोण के सपोर्ट में उतर आए हैं।

सैफ ने क्यों दिया दीपिका पादुकोण का साथ अरब मीडिया समिट में सैफ अली खान ने कहा, 'मुझे घर आकर बच्चों को सोते हुए देखना बिल्कुल पसंद नहीं है, यह मेरे लिए सक्सेस वाली बात नहीं है। लाइफ की सक्सेस तो यह बात कहने में है, नहीं, मुझे अब घर जाना है जिससे मैं अपने बच्चों के साथ आधा घंटा बिता सकूं।' सैफ ने यह भी बताया कि वह अपने परिवार और बच्चों के साथ समय गुजारने के लिए छुट्टियां पर जाते हैं।' सैफ ने दीपिका पादुकोण का नाम तो नहीं लिया है लेकिन अपनी बात के जरिए वह उन्हें सपोर्ट करते दिख रहे हैं।

### काजोल-अजय ने क्या कहा था

पिछले दिनों फिल्म 'मां' के ट्रेलर लॉन्च पर काजोल और अजय देवगन ने भी दीपिका पादुकोण के मामले में अपनी राय रखी। काजोल एक नई मां और पेशे से किसी एक्ट्रेस के आठ घंटे काम करने की मांग को सही मानती हैं। वह कहती हैं, 'मुझे यह बात अच्छी लगी कि आप कम समय तक काम कर सकती है।' काजोल की बात को आगे बढ़ाते हुए अजय भी कहते हैं, 'बहुत से लोग हैं जो इस बात को समझ रहे है। मैं तो कहूंगा कि ज्यादातर सिनेमा से जुड़े लोगों को इस बात से कोई दिक्कत नहीं है। अगर कोई एक्ट्रेस मां बनी है तो उन्हें आठ घंटे की शिफ्ट में काम करना शुरू कर देना चाहिए। इंडस्ट्री से जुड़े लोग इस बात को जरूर समझेंगे।'

### दीपिका पीछे हटने को राजी नहीं

इस पूरे विवाद के बीच दीपिका पादुकोण अपने फैसले से पीछे हटने को राजी नहीं है। वह फिल्में करने के साथ अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती हैं। दीपिका की बेटी दुआ अभी आठ महीने की है। दीपिका पादुकोण सोशल मीडिया पर नई मां बनने के अपने एक्सपीरियंस भी साझा करती रहती है।



# दिशा पाटनी की हॉलीवुड में एंट्री

अपने बोल्ड लुक्स को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी अब हॉलीवुड में अपनी हॉट अदाओं का जलवा बिखेरनी को तैयार हैं। दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा सरीखी अभिनेत्रियों की राह पर चलते हुए अब दिशा पाटनी ने भी हॉलीवुड का रुख किया है। वो ऑस्कर विजेता निर्देशक की फिल्म से हॉलीवुड में अपने डेब्यू को तैयार हैं।

### सुपरनेचुरल एक्शन-थ्रिलर है 'होलीगार्ड्स'

दिशा पाटनी सुपरनेचुरल एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'होलीगार्ड्स' से हॉलीवुड में अपना डेब्यू करने को तैयार हैं। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्कर विजेता निर्देशक केविन स्पेसी कर रहे हैं। खास बात ये है कि केविन इस फिल्म के जरिए लगभग 20 सालों के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। फिल्म की अधिकांश शूटिंग मैक्सिको में हुई है। फिल्म में डॉल्फ लुंड्ग्रेन, टायरेस गिब्सन और ब्रायना हिल्डेब्रांड जैसे कई इंटरनेशनल स्टार्स नजर आएंगे।

### 'स्टैटिगार्ड्स बनाम होलीगार्ड्स' फ्रेंचाइजी का हिस्सा है फिल्म

'होलीगार्ड्स' 'स्टैटिगार्ड्स बनाम होलीगार्ड्स' नाम की एक फ्रेंचाइजी का हिस्सा है। फिल्म में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। यह एक्शन-थ्रिलर अपने पोस्ट प्रोडक्शन के समय से ही काफी चर्चा में है। जिससे ये जाहिर होता है कि फिल्म को लेकर दर्शकों में रोमांच है और वो फिल्म का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के सेट से दिशा की एक तस्वीर भी वायरल हुई थी।

### 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगी दिशा

वहीं बॉलीवुड में दिशा के वर्कफ्रंट की बात करें, तो वो जल्द ही एडवेंचर कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, संजय दत्त समेत एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। फिल्म के इसी साल रिलीज होने की उम्मीद है।



# निर्माता करण जौहर की पहली वेब सीरीज जेट सेट गो हुई बंद

करण जौहर को लेकर खबर थी कि वह अपने करियर की पहली वेब सीरीज दर्शकों के बीच लेकर आ रहे हैं। करण की पहली वेब सीरीज का नाम जेट सेट गो रखा गया था। अब इसको लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार... करण की पहली वेब सीरीज जेट सेट गो को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इसमें हिंदी सिनेमा की कई बेहतरीन एक्ट्रेसस अभिनय करने वाली थीं। हालांकि, करण ने जिन एक्ट्रेसस से संपर्क किया, उनमें से ज्यादा अपनी आगामी परियोजनाओं में बिजी थीं। अब करण ने अपनी सीरीज को टालने का फैसला लिया है।




# सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति स्टारर धड़क 2 को मिली नई रिलीज डेट

**सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की फिल्म धड़क 2 इन दिनों चर्चा में है। यह पहला मौका होगा, जब सिद्धांत और तृप्ति परदे पर साथ दिखाई देंगे। धड़क 2 के निर्देशन की कमान शाजिया इकबाल ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। अब मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट अनाउंस कर दी है।**

धड़क 2 को 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें तृप्ति और सिद्धांत एक-दूजे को गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने इस पोस्टर को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी शेयर किया है। बता दें कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी नहीं मिली थी। लंबे समय से सेंसर में अटकी रही इस फिल्म को आखिर सीबीएफसी से सर्टिफिकेट मिल गया है। हालांकि, इसके करीब 16 सीन पर सेंसर की कैंची चलने की खबर है। फिल्म की अवधि 2 घंटे 26 मिनट है। यह फिल्म साल 2018 में आई जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर की धड़क का सीक्वल है।

# कास्टिंग काउच पर बोलीं सुरवीन चावला

एक्ट्रेस सुरवीन चावला ने कास्टिंग काउच को लेकर हैरान करने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि शादीशुदा होने के बावजूद एक डायरेक्टर ने उनके साथ जबरदस्ती किस करने की कोशिश की थी। सुरवीन ने हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया कि कास्टिंग काउच जैसी घटना उनके साथ कई बार हो चुकी है। सुरवीन ने बताया, मुंबई के वीरा देसाई रोड पर एक डायरेक्टर के ऑफिस के केबिन में मीटिंग के बाद, जब मैं निकल रही थी तो वो मुझे गेट तक छोड़ने आया। यह मेरी शादी के बाद की बात है। सबसे अजीब बात ये थी कि उसी मीटिंग में हम इस (शादी) बारे में बात भी कर रहे थे। उसने मुझसे पूछा कि मेरी शादी कैसी चल रही है, मेरे पति क्या करते हैं। हम सिर्फ उसी के केबिन में थे, क्योंकि उसका ऑफिस बड़ा था। सुरवीन ने आगे बताया, जब मैं दरवाजे तक पहुंची और उसे बाय कहने लगी, तो वो मेरी तरफ झुककर मुझे किस करने की कोशिश करने लगा। मुझे उसे पीछे धकेलना पड़ा। मैं एकदम चौंक गई और उससे पूछा कि वो क्या कर रहा है। फिर मैं बिना कुछ कहे वहां से चली गई।

### साउथ के एक डायरेक्टर ने भी की थी शर्मनाक हरकत

सुरवीन ने इसी इंटरव्यू में यह भी बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ। कई बार उन्हें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा है। एक बार तो एक साउथ फिल्म डायरेक्टर ने उनसे शारीरिक संबंध की मांग की थी। उसने ये बात सीधे नहीं कही, बल्कि किसी और के जरिए कहलवाई, क्योंकि वह हिंदी या इंग्लिश ठीक से नहीं बोल पाता था। सुरवीन ने यह भी कहा कि जब वह टीवी से फिल्मों में आने की कोशिश कर रही थीं, तब लोग उनके शरीर को लेकर सवाल पूछते थे। जैसे कमर का साइज, वजन, और ब्रेस्ट साइज।

### राणा नायडू 2 में दिखाई देंगी सुरवीन

बता दें कि सुरवीन ने करियर की शुरुआत 2003 में टीवी शो कहीं तो होगा से की थी। वो कसौटी ज़िंदगी की, 24, हेट स्टोरी 2, अग्ली, पार्च्ड और छुरी जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वह जल्द ही राणा नायडू 2 में दिखाई देंगी, जो 13 जून को नेटफ्लिक्स पर आएगी। वहीं, उनकी वेब सीरिज क्रिमिनल जस्टिस 4 29 मई को रिलीज हुई।



# युजवेंद्र चहल की रूमर्ड गर्लफ्रेंड आरजे महवश का क्रिप्टिक पोस्ट

आरजे महवश को अक्सर क्रिकेटर युजवेंद्र चहल को सपोर्ट करते देखा जाता है। इस वजह से नेटिजंस उनके रिलेशनशिप को लेकर चर्चा करते रहते हैं। अब महवश ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा किया है, जिसमें वह अपनी जिंदगी के उसूलों और नैतिकता के बारे में बात करती नजर आ रही हैं। आइए जानते हैं आरजे महवश के पोस्ट के बारे में।

### किसी के साथ गलत नहीं किया

आरजे महवश ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई है। इस स्टोरी में उन्होंने अपनी एक सेल्फी शेयर की है, जिसमें वह लाल रंग की टॉप पहने नजर आ रही हैं। उनकी यह तस्वीर आईपीएल में पंजाब किंग्स के किसी मैच के दौरान की लग रही है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, सबसे अहम बात ये है कि आपने किसी के साथ कुछ भी बुरा नहीं किया है। आपने जो भी किया वह साफ इरादे से किया और याद रखा कि ऊपर जाकर ईश्वर से मिलना है। आप अपने नैतिक मूल्यों के अनुसार जिएं, बाकी जो लोग कहते है उन्हें नजरअंदाज करें, वो बस शोर है।

### आखिर क्यों चहल के साथ जोड़ जाता है नाम?

आरजे महवश को हमेशा क्रिकेट मैदान में और बाहर युजवेंद्र चहल का सपोर्ट करते देखा जाता है और उनके साथ स्पॉट किया जाता है। इस कारण नेटिजंस को उनके रिश्तों को लेकर कुछ आशंका होती है। साथ ही आपको बताते चलें कि कहा जा रहा है कि महवश आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स टीम का खूब समर्थन कर रही हैं, क्योंकि इसमें चहल एक खिलाड़ी के रूप में है। इसके अलावा महवश पंजाब टीम के सार मैच देखने मैदान में पहुंचती हैं। चहल और धनश्री के तलाक के बाद से ही दोनों के बीच रिलेशनशिप की अफवाहों ने जोर पकड़ा है। वहीं हाल ही में आरजे महवश को चहल के होटल के बाहर भी स्पॉट किया गया था।





# मां के जरिए तीन साल बाद थिएटर्स में लौटेंगी काजोल

काजोल से पहले भी कई अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने कुछ समय के ब्रेक के बाद फिल्मों में वापसी की है। इस लिस्ट में काजोल से लेकर रानी मुखर्जी के अलावा और भी कई अभिनेत्रियों का नाम शुमार है। काजोल आखिरी बार फिल्म दो पत्ती में नजर आई थीं, जो डायरेक्ट ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 2024 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से पहले 2022 में काजोल की फिल्म सलाम वेंकी सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब वह फिल्म मां से थिएटर्स में वापसी करेंगी।

### काजोल

काजोल अपनी नई फिल्म मां के जरिए तीन साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। यह एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें काजोल एक दमदार किरदार में नजर आएंगी। फिल्म के कई पोस्टर अभी तक जारी किए जा चुके हैं, जिसमें काजोल एक खतरनाक शैतान से लड़ते हुए दिख रही हैं। पोस्टर के अनुसार, फिल्म की कहानी में एक भक्षक और रक्षक के बीच टक्कर होगी, जिसमें मां का किरदार अहम है। ट्रेलर 30 मई 2025 को रिलीज होने की उम्मीद है। काजोल ने इस किरदार को अपने करियर का सबसे मजबूत किरदार बताया है। इस फिल्म से पहले काजोल की फिल्म सलाम वेंकी सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



### रानी मुखर्जी

रानी मुखर्जी फिल्म मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे के बाद अब मर्दानी 3 में नजर आएंगी। इस फिल्म में वे एक बार फिर से शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में दिखेंगी, जो एक निडर पुलिसवाली है। यशराज बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन अभिराज मीनावाला कर रहे हैं। मेकर्स ने हाल ही में रानी का फर्स्ट लुक और रिलीज की तारीख साझा की है। यह फिल्म एक्शन और ड्रामा से भरपूर होगी। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।



### रवीना टंडन

रवीना टंडन ने केजीएफ 2 में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सबका ध्यान खींचा। इसके बाद वे घुड़चढ़ी में नजर आईं। अब वह जल्द ही वेलकम टू द जंगल के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार के अलावा कई बड़े सितारे नजर आएंगे। रवीना की कॉमिक टाइमिंग और उनका बिंदास अंदाज इस फिल्म में दर्शकों को खूब हंसाने वाला है।



### माधुरी दीक्षित

माधुरी दीक्षित ने कलंक के बाद लंबे समय तक बड़े पर्दे से दूरी बनाए रखी थी। इस फिल्म के बाद माधुरी फिल्म भूल भुलैया 3 से नजर आईं। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी और विद्या बालन मुख्य भूमिकाओं में नजर आए। माधुरी ने इस फिल्म में मंजुलिका का किरदार निभाया है। फिल्म में माधुरी और विद्या का सीक्वेंस डांस भी दर्शकों को बेहद पसंद आया।

### सोनाली बेंद्रे

सोनाली बेंद्रे ने वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा के बाद लंबे समय तक फिल्मों से ब्रेक लिया था। इसके बाद सोनाली ने फिल्म बी हैप्पी से वापसी की। उनकी एक्टिंग और स्क्रीन प्रेजेंस दर्शकों को बेहद पसंद आई। इस फिल्म में सोनाली का एक छोटा कैमियो था। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, इनायत वर्मा और नोरा फतेही ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# आवंटियों के प्लॉट पर अवैध कब्जे को ढहाया

## 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली कराया, पांच घंटे चली कार्रवाई

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर दो के 10 आवंटियों का घर की जमीन पाने का इंतजार खत्म हो गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल दो की टीम ने पतवाड़ी (सेक्टर दो) में अवैध कब्जे को हटाकर आवंटियों को कब्जा दिला दिया है। इसके साथ ही सेक्टर दो की नौ मीटर रोड, 18 मीटर रोड और ग्रीन बेल्ट बनाने का रास्ता भी साफ हो गया है। यह प्राधिकरण की अधिग्रहित कब्जा प्राप्त जमीन है। बाजार दर से इसकी कीमत 100 करोड़ रुपये होने का आकलन है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की आवासीय योजना के अंतर्गत इन 10 आवंटियों को भी सेक्टर दो के डी ब्लॉक में आवासीय भूखंड आवंटित किए गए, लेकिन अतिक्रमण के चलते इन आवंटियों को पजेशन नहीं दिया जा सका। ये आवंटी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से मिले। सीईओ ने शीघ्र ही अतिक्रमण हटाकर पजेशन दिलाने का आष्वाऊसन दिया। सीईओ के निर्देश पर एसीईओ प्रेरणा



सिंह ने सोमवार को महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण के वर्क सर्किल 3 की टीम को भेजकर पतवाड़ी के खसरा संख्या 1150 की लगभग 10 हजार वर्ग मीटर को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। सोमवार को वर्क सर्किल 3 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम ने वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर व रतिक, सहायक प्रबंधक राजीव मोटला व पुलिस की मदद से जमीन पर अवैध कब्जे को ढहा दिया है। तीन जेसीबी व 4 डंपर की मदद से पांच घंटे की कार्रवाई के बाद जमीन को मुक्त करा लिया गया। बाजार दर से इस जमीन की कुल कीमत करीब 100 करोड़ रुपये होने का आकलन है। इसके साथ ही सेक्टर दो के डी ब्लॉक में 10 आवंटियों को भूखंड पर पजेशन भी दे दिया गया है। लंबे समय से अटकी सेक्टर की नौ मीटर व 18 मीटर रोड बनाने और ग्रीन बेल्ट विकसित करने का भी रास्ता साफ हो गया है। इससे सेक्टर दो के निवासियों को बड़ी राहत मिली है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा है कि प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि हो या फिर कब्जा प्राप्त जमीन, बिना अनुमति निर्माण करने और जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेनो के ई-वेस्ट को प्रोसेस करने के लिए आगे आईं पांच कंपनियां

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा में ई-वेस्ट को वैज्ञानिक पद्धति से

## प्राधिकरण इन कंपनियों से सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रहा



प्रोसेस कराने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है। ई-वेस्ट के निस्तारण के लिए प्राधिकरण ने ईओआई (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) निकाला था, जिसमें पांच कंपनियों ने रुचि दिखाई है। प्राधिकरण ने इनको सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोमवार को पांच कंपनियों ने प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुतिकरण भी दे दिया है। सूचीबद्ध हो जाने के बाद ग्रेटर नोएडावासी अपने पुराने लैपटॉप, मोबाइल, चार्जर जैसे बेकार पडे इलेक्ट्रॉनिक्स सामान इन कंपनियों को दे सकेंगे। इसके एवज में पैसे भी मिलेंगे। प्राधिकरण की तरफ से इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के रेट तय कर दिए जाएंगे।

ग्रेटर नोएडा की स्वच्छता के लिए प्राधिकरण लगातार प्रयासरत है। घरेलू वेस्ट के साथ ही अब प्राधिकरण ई-वेस्ट को वैज्ञानिक पद्धति से प्रोसेस कराने के लिए प्रयासरत है, ताकि पर्यावरण को ई-वेस्ट के प्रभाव से बचाया जा सके। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने ई-वेस्ट के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट निकाला, जिसमें पांच कंपनियों ने रुचि दिखाई है। प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह और प्रबंधक संध्या सिंह की मौजूदगी में सोमवार को प्रस्तुतिकरण हुआ, जिसमें पांच कंपनियों ने हिस्सा लिया।

प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि इनके प्रस्तुतिकरण के आधार पर ई-वेस्ट को कलेक्ट करने और अपने प्लांट पर ले जाकर प्रोसेस करने के लिए इन कंपनियों को अनुबंधित किया जाएगा। सूचीबद्ध की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन कंपनियों की डिटेल प्राधिकरण के संपर्क नंबर व ई-वेस्ट की दरें वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी जाएंगी। ग्रेटर नोएडा के निवासी अपने ई-वेस्ट को निस्तारित कराने के लिए इन कंपनियों से संपर्क कर सकेंगे।

प्राधिकरण इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के प्रयास में जुटा है।

# शिक्षा जीवन भर काम आती है : सत्य भूषण

**नोएडा (चेतना मंच)।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी स्कूल की चेयरमैन डॉ.



अमिता चौहान व एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. अशोक कुमार चौहान के सानिध्य में आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-44, नोएडा में आयोजित किया गया।

शिविर में दूसरे दिन मुख्य अतिथि बिहार से पधारे जिला व सत्र न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य ने युवको से स्वाध्याय करने पर बल दिया,उन्होंने कहा कि निरन्तर पढ़ना ज्ञान वर्धन का साधन है पढ़ा हुआ कभी बेकार नहीं जाता। शिक्षा जीवन भर काम आती है। कहानी यानी जिससे कोई नहीं है हानि।वह आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

वैदिक प्रवक्ता आर्य रविदेव गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति में देश भक्ति की भावना होनी चाहिए।आज आंतक बाद की समस्या है जिसका मुकाबला युवा शक्ति को करना है। आर्य नेता अतुल सहगल ने कहा कि परिषद युवा निर्माण का सराहनीय कार्य कर रही है यह सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने शिविर का संचालन करते हुए कहा कि हम तीव्र गति से अभियान जारी रखेंगे।आचार्य महेन्द्र भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया।प्रवीण आर्य पिंकी ने ओजस्वी गीत प्रस्तुत किए।

मुख्य शिक्षक सौरभ गुप्ता के निर्देशन में युवकों ने योगासन,दण्ड बैठक,जूडो कराटे के अभ्यास सीखे। प्रमुख रूप से दास राम आर्य, अरुण आर्य, गौरव सिंह, गौरव झा, विवेक अग्निहोत्री, कमल आर्य, यज्ञवीर चौहान, प्रदीप आर्य, सुदेश भगत, प्रवीण आर्य आदि उपस्थित थे।

# सरकारी कार्यालयों व हाईराइज सोसायटी में करें रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग

**नोएडा (चेतना मंच)।** बरसात के मौसम में अधिक से अधिक वर्षा जल संचयन के लिए संचालित जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' को जनपद में सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि कैच द रेन अभियान के अंतर्गत पारंपरिक जल निकायों, जल स्त्रोतों का नवीनीकरण और पुनः उपयोग, बोरवेल पुनर्भरण, वाटरशेड का विकास, गहन वृक्षारोपण, छोटी नदियों के कायाकल्प तथा जल संचयन संबंधी अन्य कार्य किए जाने हैं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि यह अभियान केंद्र और राज्य सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों जैसे कार्यालय भवन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन, हाई राइज सोसायटी आदि पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कर ली जाए।



जिलाधिकारी ने लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि वन विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तालाब एवं हिंडन नदी के किनारे वृहद स्तर पर अभियान चलवा कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराया जाए। सूचना जल शक्ति अभियान के पोर्टल पर भी फीड करायें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि नालों का गंदा पानी जो तालाब में जाता है, उसको शुद्ध करने के लिए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाए।

जिलाधिकारी में बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जे.एस.ए. पोर्टल पर पूर्ण कराए गए कार्यों की प्रगति अपलोड की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, सहायक अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार सिंह, भूगर्भ जल विभाग तथा वन विभाग, उद्यान विभाग, शिक्षा विभाग, नेहरू युवा केंद्र, नगर पालिका, कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अवैध निर्माण को प्राधिकरण ने किया सील





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल 8, 9 व भूलेख विभाग की टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से अधिसूचित क्षेत्र में बगैर अनुमति के बगैर नक्शा पास किये गए अवैध निर्माण को सीलिंग की कार्यवाही की गयी।

वर्क सर्किल 9 के अन्तर्गत ग्राम नगली वाजिदपुर स्थित खसरा सं0 168, 197, 204, 188 व 72 एवं वर्क सर्किल 8 के अन्तर्गत ग्राम हाजीपुर स्थित खसरा सं0 237 की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे बहुमंजिला भवनों के निर्माण कार्य पर ंकुश लगाते हुए सीलिंग की कार्यवाही की गयी।

प्राधिकरण द्वारा इन खसरों की भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे अतिक्रमणकर्ताओं को कई बार नोटिस दिये गये थे, लेकिन अतिक्रमण कारियों द्वारा निर्माण कार्य को नही रोका गया था, जिसके कारण प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणाधीन भवनों को सील करा दिया गया। सील किये गये भवनों पर 'यह बिल्डिंग अवैध है' भी अंकित कर दिया गया है।

# सुंदरकांड का पाठ व 11 कुंडीय हवन का आयोजन

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्राचीन शिव शनि मंदिर सेक्टर-18 में शाम्भवी महामुद्रा ट्रस्ट ने संस्था के मुख्य संरक्षक गिरीश चंद्र पोरवाल की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती अनिल प्रभा की स्मृति में सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय की कामना करते हुए सुंदरकांड का पाठ एवं 11 कुंडीय हवन करवाया गया।

संस्था की कथा वाचिका श्रीमती कनक लता कनक एवं शांभवी महामुद्रा ट्रस्ट में संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के द्वारा हवन किया गया। पाठ की शुरुआत शांभवी महामुद्रा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर चंद्र पोरवाल एवं विशिष्ट अतिथि बृज मोहन पोरवाल ने ज्योति प्रज्ज्वलित कर की।



इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल के अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग, अभा वैश्य एकता परिषद के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, महासचिव राजकुमार अग्रवाल, अवधेश कुमार गुप्ता, हर्ष रावत, वीरेन्द्र नेगी,राम मूर्ति गौर, व्यापारी सुरक्षा फोरम के महासचिव अतुल गुप्ता, संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहतास गोयल, मनोज गुप्ता, अनिल गोयल, शैलेंद्र पोरवाल, नवीन पोरवाल, सुनील पोरवाल, राजीव पोरवाल, मनोज पोरवाल, अमित पोरवाल, हर्षल पोरवाल, मयंक पोरवाल, चित्रांश पोरवाल,अमित पोरवाल औरैया, यस गुप्ता, रेखा पोरवाल,शिखा पोरवाल औरैया, मोहिनी पोरवाल, नेहा पोरवाल, निशा पोरवाल, स्वेता पोरवाल, रूबी गुप्ता, ज्योति पोरवाल, शिखा पोरवाल, लता गोयल,आदि बहुत सी माताओं, बहिनों, भाइयों ने सुन्दर काण्ड पाठ एवं हवन में शामिल होकर भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

पाठ के बाद समापन अवसर पर सुधीर पोरवाल ने आये हुए सभी लोगों का मंदिर समिति का शाम्भवी परिवार की ओर से आभार प्रकट किया।

